पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः ज्येष्ठ 20, 1944
शुक्रवारः 10 जून 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम की अपनी यात्रा के अंतिम दिन प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा किया

भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला स्थापित करने के लिए न्हा ट्रांग में वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल को दस लाख डॉलर उपहार स्वरूप दिए

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वियतनाम की अपनी तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा के अंतिम दिन 10 जून 2022 को वहां के प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा किया। श्री राजनाथ सिंह दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए वियतनाम के दौरे पर हैं। उन्होंने अपने दैनिक कार्यक्रमों की शुरुआत न्हा ट्रांग में वायु सेना अधिकारी प्रशिक्षण स्कूल के दौरे से की। रक्षा मंत्री ने स्कूल में भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला की स्थापना के लिए भारत सरकार की ओर से दस लाख डॉलर उपहार स्वरूप दिए। स्कूल में अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रयोगशाला वियतनाम का हवाई रक्षा और वायु सेना कार्मिकों की भाषा और सूचना प्रौद्योगिकी कौशल को तीव्र करने में अत्यधिक योगदान रहेगा।

https://twitter.com/DefenceMinIndia/status/1535086007288479746

तत्पश्चात श्री राजनाथ सिंह ने न्हा ट्रांग में दूरसंचार विश्वविद्यालय का दौरा किया जहां भारत सरकार से 50 लाख अमेरिकी डॉलर अनुदान के साथ आर्मी सॉफ्टवेयर पार्क स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सितंबर 2016 की वियतनाम यात्रा के दौरान इस अनुदान की घोषणा की गई थी।

वियतनाम की अपनी यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री ने वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान गियांग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और वियतनाम के राष्ट्रपति श्री गुयेन जुआन फुक और प्रधानमंत्री श्री फाम मिन्ह चिन से मुलाकात की।

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1831981

श्री राजनाथ सिंह ने हाई फोंग में होंग हा शिपयार्ड की अपनी यात्रा के दौरान 09 जून 2022 को वियतनाम को 12 हाई स्पीड गार्ड नौकाएं सौंपीं। इन नौकाओं का निर्माण भारत सरकार की वियतनाम को 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर रक्षा लाइन ऑफ क्रेडिट के अंतर्गत किया गया है।

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1832495

एबीबी/डीके/डीएस/आरपी